आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान एवं निकोबार कमान के अट्ठारहवें कमांडर–इन–चीफ दिनेश सिंह राणा ने पदभार ग्रहण कर लिया।
- आकाशवाणी श्री विजयपुरम आज अपने स्थापना दिवस के तिरसठवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।
- भारत सरकार अटठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस पर युवा प्रतिभाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करेगी।
- सांसद बिष्णु पद रे ने शौचालय और जल–पान ब्लॉक के निर्माण के लिए भूमि के लिए पत्र लिखा है।

<><><><><><>

भारत की पहली और एकमात्र संयुक्त सेवा परिचालन अंडमान एवं निकोबार कमान के अट्ठारहवें कमांडर–इन–चीफ दिनेश सिंह राणा ने कल पदभार ग्रहण कर लिया। लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा को दिसम्बर उन्नीस सौ सत्तासी में गढ़वाल राइफल्स की दसवीं बटालियन में कमिशन मिला था और बाद में उसी बटालियन की कमान संभालने का सम्मान मिला। सैंतीस वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान की है। उनकी सेवा में भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के साथ कार्यकाल शामिल है। नए कमांडर–इन–चीफ ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल ए सी) पर गजराज कोर का नेतृत्व किया है। सिनकैन का पदभार संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने कमांडर–इन–चीफ के पद पर पदोन्‍त होने वाले पहले रक्षा खुफिया प्रमुख के रूप में इतिहास बनाया है। उन्होंने चीन के रक्षा आधुनिकीकरण पर पी एच डी भी की है। अंडमान निकोबार कमान के नए कमांडर–इन–चीफ के रूप में उनकी नियुक्ति परिचालन अनुभव, रणनीतिक दूरदर्शिता और एकीकृत परिचालनों की गहरी समझ का प्रमाण है।

<><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम ने आज अपना बासठवां वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आकाशवाणी श्री विजयुपरम जो कि पिछले वर्ष तक आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के नाम से विख्यात था, के प्रसारण केन्द्र से मीडियम वेब चार सौ अड़तीस दशमलव छः अर्थात छः सौ चौरासी किलोहट्र्ज़ और एफ एम 100.9 से कार्यक्रम रिले किए जाते हैं।

आकाशवाणी श्री विजयपुरम ने अपने बासठ साल के प्रसारण सेवा में द्वीपवासियों को सूचनाएं देने के साथ–साथ उनका मनोरंजन भी किया है।

<><><><><><><>

तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने तेलंगाना वासियों को बधाई दी है। उप–राज्यपाल ने कहा कि यह दिन तेलंगाना वासियों की स्थाई भावना, सांस्कृतिक समृद्धि और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जिन्होंने तेलंगाना के लिए एक अलग पहचान की कल्पना की थी। तेलंगाना राज्य ने खुद को भारत के सबसे गतिशील और प्रगतिशील क्षेत्रों में से एक में बदल दिया है।

<><><><><><><>

भारत सरकार 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है। पहली प्रतियोगिता का विषय है– 'ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना'। यह एक द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का सुनहरा अवसर भी मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए My Gov की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि तीस जून है। वहीं, दूसरी प्रतियोगिता में, सरकार ने सभी उभरते सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को भारतीय स्वतंत्रता के किसी भी स्मारक और स्थल पर अपनी सैर का वीडियो और रील बनाने के लिए आमंत्रित किया है। इच्छुक प्रतिभागियों को रील और वीडियो को अपने सोशल मीडिया पेज पर #NewIndia #EmpoweredIndia और #independenceday2025 हैशटैग के साथ पोस्ट करना होगा। शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। इस बीच, ''नया भारत सशक्त भारत'' थीम पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, जिसमें प्रतिभागियों को रंगों के माध्यम से देश की प्रगति और उपलब्धियों को दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी MyGov वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। भाग लेने की अंतिम तिथि तीस जून है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त को पत्र लिखकर पुलिस चेक पोस्ट नम्बर पन्द्रह पर शौचालय और रिफ्रेसमेंट ब्लॉक के निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया है। सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि अंडमान ट्रंक रोड पर कदमतला और कौशल्यानगर के बीच स्थित यह स्थान मध्योत्तर अंडमान से दक्षिण अंडमान तक यात्रा करने वालों के लिए एक प्रमुख पड़ाव है। विशेष रूप से सुबह के वक्त यहां अच्छी–खासी भीड़ होती है। उन्होंने कहा कि परियोजना को केन्द्रशासित प्रदेश के बजट के माध्यम से या एम पी लैड निधि के माध्यम से वित्तपोषित किया जा सकता है। सांसद ने ज़िला प्रशासन से कहा है कि यदि आवश्यक हो, तो वन विभाग की मंजूरी सहित सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए भूमि की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित की जाए।

<><><><><><><>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने तेरह हवाई अड्डों पर अंतर्राष्ट्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा श्री विजयपुरम भी इस योजना में शामिल प्रमुख हवाई अड्डों में से एक है। यह योजना प्रारंभिक चरण पर संचालन के पहले तीन वर्षों के लिए लागू होगी। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में नामित होने के बाद पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान नवम्बर दो हजार चार को एयर एशिया द्वारा कुआलालंपुर से श्री विजयपुरम तक शुरू की गई थी। हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण प्रबंधन द्वारा अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन के लिए प्रोत्साहन योजना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। अंडमान निकोबार में विमानन को बढ़ावा देना हमेशा से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की प्राथमिकता रही।

<><><><><><><>

ओडिशा के खोरधा में कल अड़तीसवीं राष्ट्रीय अंडर–07 शतरंज चैंपियनशिप की शुरूआत हुई, जो पांच जून तक चलेगी। इसमें देश भर से करीब तीन सौ चालीस युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह के सात शतरंज खिलाड़ी शामिल हैं, जो राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप शास्त्रीय प्रारूप में आयोजित की जाएगी। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के महासचिव बी निलाईया ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कृषि विभाग को जी आई पंजीकरण और द्वीप के विशिष्ट उत्पादों के प्रचार–प्रसार के लिए नोडल विभाग नामित किया गया–द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। पर्यटन विभाग का तीन दिवसीय द्वीप नारियल महोत्सव के समापन के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत निकोबार ज़िला उपायुक्त द्वारा गांव के दौरा करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>